# सीएम विंडो से जनसंवाद तक का सफर...

## मुख्यमंत्री ने बदली प्रदेश की राजनीति की दशा व दिशा, छोटी सरकारों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 26 अक्टूबर, 2014 को सत्ता संभालते ही प्रदेश की राजनीति की दशा व दिशा बदलने की पहल की। लोगों की शिकायतों व उनकी समस्याओं के निदान के लिए अनेक नए प्रकल्पों को लागू किया। किसी भी आम नागरिक को चंडीगढ़ न आना पड़े इसके लिए सीएम विंडो शुरू किया। 25 दिसंबर, 2014 को सुशासन दिवस के अवसर पर आरंभ की गई सीएम विंडो व्यवस्था लोगों को खूब रास आई। पिछले 8 वर्षों से अधिक की अवधि में अब तक 10 लाख 92 हजार 366 लोगों ने सीएम विंडो पर अपनी शिकायत भेजी जिनमें से 10 लाख 9 हजार 591 शिकायतों का समाधान किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सत्ता की अपनी दूसरी पारी में लोगों के बीच सरकार आपके द्वार की अवधारणा पर चलते हुए जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत की और पंचायती तौर पर जनता के बीच बैठकर शिकायतें सुनी। मुख्यमंत्री की इस सादगी ने लोगों को न केवल भाव विभोर किया बल्कि कंठ मुक्त रूप से लोगों ने मुख्यमंत्री के इस प्रयास की सराहना की। रोहतक जिले से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री ने सिरसा, सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र व फतेहाबाद जिलों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, पुलिस महानिदेशक तथा उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के साथ घंटों बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी और लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। इन जिलों के दूरदराज के गाँवों के लोगों के अलावा दूसरे जिलों के लोग भी मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे।



### पंचायतों से रूबरू होने की सीएम की पहल ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी

**पंचायतों** से रूबरू होने की मुख्यमंत्री की यह पहल ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने अपना दूसरा जनसंवाद कार्यक्रम पलवल जिले में 12-14 अप्रैल, 2023 को निर्धारित किया है। उसके बाद पानीपत, करनाल व हिसार जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद करेंगे और धीरे-धीरे सभी 22 जिले तय कर पूरे हरियाणा को कवर करेंगे। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ई-टेंडरिंग के बारे में भी लोगों से पूछते हैं कि क्या यह व्यवस्था सही है लोग हाँ में हाँ मिलकर व दोनों हाथ खड़े कर मुख्यमंत्री का समर्थन करते हैं और कहते हैं कि आईटी के आज के युग में ई-प्रणाली पर चलना समय की जरूरत है।

मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला कि पंचायतों का हर कोई चुना हुआ जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के साथ मुढ्ढे व खाट पर बैठने को लालायित है।

**8 विधानसभा सदन से लेकर अनेक मंचों से मुख्यमंत्री ने दूसरी पार्टी के नेताओं को बहस करने की बात कही है**

**जो ठान लेते हैं उसे मूर्तरूप देते है मुख्यमंत्री:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्षी पार्टियों को खुली चुनौती दी है कि जो एक बार ठान लेते हैं वो करके ही दिखाते हैं चाहे इसके लिए उन्हें कितना ही विरोध क्यों न झेलना पड़े। विधानसभा सदन से लेकर अनेक मंचों से मुख्यमंत्री ने दूसरी पार्टी के नेताओं को बहस करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने अपने पिछले कार्यकाल में सिद्ध भी कर दिया कि जब वे एक बार ठान लेते हैं उसे पूरा कर खरा उतरते हैं। इसका उदाहरण यह है कि जब उन्होंने प्रदेश में पढ़ी लिखी पंचायतें देने की बात कही तो कुछ नेताओं ने लोगों को बहकाकर न्यायालय में मामले को पहुंचवा दिया। परंतु मुख्यमंत्री इस जिद पर अड़े रहे कि पंचायतों को पढ़ी-लिखी पंचायतें बनाना ही उनकी राजनीति का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ाई लड़ी और उस समय मुख्यमंत्री की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा न्यायालय ने सरकार के फैसले को सही ठहराया और अपने फैसले में टिप्पणी दी कि अन्य राज्यों को भी हरियाणा का अनुसरण करना चाहिए।

## जेल में सोने की जगह को लेकर हवालात में के दो गुटों में झगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

कैथल की जेल में गुरुवार रात को सोने की जगह को लेकर हवालातियों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। इस दौरान हुए हमले में 3 बंदी घायल हो गए। जिनका जिला जेल में ही उपचार किया गया। थाना शहर पुलिस ने 7 बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जेल अधीक्षक सुरेंद्र ने सिटी थाना पुलिस को बताया कि कैथल जेल में बंद हवालाती बंदियों ने आपस में गुट बनाकर झगड़ा कर लिया है। सुबह 9 बजे जिला जेल कैथल में ब्लॉक 5 में बंद बंदियों ने आपस में गुट बनाकर झगड़ा किया। झगड़ा करने वाले हवालाती बंदियों में हवालाती बंदी संदीप उर्फ पिप्पू, सन्नी निवासी सिसला, मनदीप उर्फ खड़का निवासी नजदीक वाल्मीकि बस्ती तालाब अमरेडी, सतनाम उर्फ बोनी वार्ड नंबर पांच बलबेहडा रोड चीका, हवालाती बंदी विक्रमजीत उर्फ बिटटू वार्ड नंबर 7 बलबेहडा रोड चीका, और हवालाती हरिओम उर्फ लक्की निवासी उमरपुर, जिला शामली, हरप्रीत उर्फ हैरी निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी कैथल शामिल है।

## चौधरी देवीलाल सही मायने में किसान हितैषी थे: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल सही मायने में किसान हितैषी थे, जिन्होंने किसान की पीड़ा को बखूबी न केवल समझा बल्कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उसे दूर करने का हर संभव प्रयास भी किया। इसी कारण उन्हें आज भी किसानों के मसीहा के तौर पर याद किया जाता है। यह बात डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आज जननायक चौधरी देवीलाल जी की पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली स्थित उनकी समाधि 'संघर्ष स्थल' पर पुष्प अर्पित करने के बाद कही। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पहले किसानों के ट्रैक्टर पर जो टैक्स के तौर पर टोकन फीस लगती थी, जननायक चौधरी देवीलाल ने उसे वर्ष 1977 में माफ किया और कानून बनाकर ट्रैक्टर को हर प्रकार के टैक्स से मुक्त किया ,क्योंकि ट्रैक्टर को किसान अपने खेत के काम के लिए प्रयोग करता है। इसी प्रकार जब वर्ष 1987 में सत्ता के प्रमुख बने तो प्रदेश के किसानों का दस हजार तक का कर्ज बिना किसी भेदभाव के माफ किया था। इस अवसर पर जेजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, डॉक्टर केसी बांगड़, चेयरमैन राजेंद्र लितानी,दिनेश डागर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जी को नमन किया और अपनी ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए।



## मिड-डे-मील योजना के बजट में की 72 फीसदी की बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

**हरियाणा सरकार** ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएमपीओएसएचएएन) के तहत 14,409 प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को मिड डे मील उपलब्ध कराने के लिए बजट में लगभग 72 प्रतिशत की वृद्धि की है। पिछले साल के 384 करोड़ रुपये के बजट के मुकाबले चालू वर्ष के दौरान 661 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्य सचिव संजीव कौशल आज यहां मिड-डे-मील योजना के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कौशल ने अधिकारियों निर्देश दिए कि भोजन में अतिरिक्त पोषण मानदंड बढ़ाने के संबंध में विभिन्न खण्डों में अध्ययन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने और भोजन के पोषण मानकों को पूरा करने के अलावा इसे स्वच्छ परिस्थितियों में पकाने के लिए भी निर्देश दिए।



**मिड-डे-मील के लिए समय-सारिणी करें निश्चित:** मुख्य सचिव ने अधिकारियों को छात्रों को भोजन उपलब्ध कराने की समय-सारिणी निश्चित करने के निर्देश दिये ताकि भोजन की गुणवत्ता की जांच और निरीक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले भोजन में फोर्टिफाइड आटा, चावल और बाजरा पर आधारित विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को सप्ताह में कम से कम 3 दिन मिड-डे-मील के साथ 200 एमएल 5 फ्लेवर्ड फोर्टिफाइड दूध भी उपलब्ध कराया जाता है।

**8 384 करोड़ रुपये के बजट के मुकाबले चालू वर्ष के दौरान 661 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है**

## हाथी परियोजना ने हाथी संरक्षण के प्रयासों को गति दी: भूपेंद्र यादव

**यह** पूरी तरह से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए जैव-विविधता संरक्षण, सर्वोत्तम रणनीतियों में से एक है। जैव-विविधता संरक्षण एक जटिल प्रयास होता है, क्योंकि जैविक समुदाय अपने पर्यावरण से गहरे रूप से जुड़े रहते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण तथा कुछ आवश्यक तथ्यों पर आधारित दृष्टिकोण, चुनौती का मुकाबला करने में सहायता कर सकता है। विश्व स्तर पर लुप्तप्राय एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमस) का भारत में संरक्षण इसका एक उदाहरण है। भारत में हाथियों और लोगों के बीच का संबंध गहरा है और दुनिया में विशिष्ट है। भारत में हाथियों की समृद्धि के प्रतीक के रूप में पूजा की जाती है। वे सांस्कृतिक प्रतीक हैं और हमारे धर्म, कला, साहित्य और लोककथाओं के हिस्से हैं। भारतीय महाकाव्य हाथियों के संदर्भों से भरे पड़े हैं। यह भी माना जाता है कि महाभारत को भगवान गणेश ने अपने एक टूटे हुए दांत से लिखा था। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से, हाथियों की आबादी का रुझान, अन्य देशों के विपरीत, अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे मजबूत कानून हैं, जो हाथियों को उच्चतम कानूनी संरक्षण प्रदान करते हैं, चाहे वे जंगल में हों या मानव देखभाल के तहत हों। वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980, हाथियों के निवास-स्थानों को नुकसान और निवास-स्थानों के क्षेत्रफल में कमी लाने से बचाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 9 वर्षों के कार्यकाल में, भारत ने मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व के समर्थन से हाथियों के संरक्षण के लिए एक सक्षम संस्थागत व्यवस्था का निर्माण किया है। सामूहिक रूप से, हाथी भारत के कुल भूभाग के लगभग 5% क्षेत्र में पाए जाते हैं। हाथियों की वर्तमान सीमा-क्षेत्र में संरक्षित क्षेत्र और बहु-उपयोग वाले वनों के अन्य रूप शामिल हैं। वे वन क्षेत्रों के बीच आने-जाने के लिए मानव-निवास वाले क्षेत्रों का भी उपयोग करते हैं। हाथीदांत का अवैध शिकार, जो अफ्रीकी हाथियों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, भारत में नियंत्रण में है। हालांकि, 1970 और 1980 के दशक में ऐसा नहीं था, जब अवैध हाथी दांत के अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार के लालच में अवैध शिकार के कारण, हमने कई हाथियों को खो दिया था। इन हत्याओं ने हाथियों के संरक्षण के समक्ष एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया था और राज्यों तथा केंद्र के बीच सक्रिय समन्वय में, संरक्षण को पुनर्जीवित करने के लिए मिशन-मोड में काम करने की आवश्यकता थी। इस बात को स्वीकार करने के फलस्वरूप, 1992 में महत्वाकांक्षी हाथी परियोजना का शुभारंभ हुआ, जो बाघ परियोजना के अनुरूप था और जिसके तहत बाघों को आबादी को पतन के कगार से वापस लाने में सफलता मिली थी।



हाथी परियोजना, एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो हाथियों के संरक्षण और कल्याण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हाथी आरक्षित क्षेत्र, हाथी परियोजना के तहत मौलिक प्रबंधन इकाई हैं। वर्तमान में, पूरे भारत में 80,778 वर्ग किमी में फैले 33 हाथी आरक्षित क्षेत्र हैं।

## क्षेत्रीय कराधान अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने संपत्ति कर रजिस्टर में मालिक व कब्जाधारी के नाम में परिवर्तन करने की सेवा लेने वाले आवेदकों के 152 मामलों में देरी करने के लिए नगर निगम, फरीदाबाद के छह क्षेत्रीय कराधान अधिकारियों पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरटीएस सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि संपत्ति कर रजिस्टर में नाम परिवर्तन करना नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा है। अंत्योदय सरल रिपोर्ट की समीक्षा के बाद 150 से अधिक मामले सेवा का अधिकार की समय सीमा के तहत लंबित पाए गए। मामला आयोग के संज्ञान में आने के बाद आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद को नोटिस देकर देरी के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया। आयुक्त से प्राप्त रिपोर्ट में अवगत करवाया गया कि 6 अलग-अलग क्षेत्रीय काराधान अधिकारियों को 152 मामले आवंटित किए गए थे जिन्होंने देरी के संबंध में अपना व्यक्तिगत स्पष्टीकरण दिया। स्पष्टीकरण का अवलोकन करने पर आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि क्षेत्रीय कराधान अधिकारियों ने अपने कार्य में ढिलाई बरती और इसमें केवल दोषारोपण के सिवाय स्थिति भी स्पष्ट नहीं की गई है। सचिव ने बताया किया कि आयोग ने क्षेत्रीय कराधान अधिकारियों को समय-सीमा के अलावा मामलों के निपटान के लिए अतिरिक्त एक महीने की समय अवधि को भी माफ कर दिया, तब भी कई मामले ऐसे पाए गए जिनमें और भी देरी की गई है और सुनवाई के दौरान आवेदकों का कीमती समय भी बर्बाद किया गया। आयोग ने मामले का निपटान करते हुए अधिसूचित सेवा के वितरण में एक महीने से अधिक की देरी के लिए प्रत्येक नामित अधिकारी पर हर मामले में 500 रुपये और कुल 50,000 रुपये की राशि का जुमार्ना लगाने का निर्णय लिया। आरटीएस सचिव, हितेन्द्र कुमार ने कहा कि आयोग सरकारी अधिसूचित सेवाओं की मांग करने वाले आवेदकों के लिए देरी शब्द को हटाने करने के लक्ष्य को पाने के लिए साथ कड़ी मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा समय-समय पर की गई कड़ी कार्रवाई से जनता का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है और आरटीएस व्यवस्था में विश्वास मजबूत हो रहा है।

## डिस्पेंसरी की जगह अफसरों की कोठियां बनाने का विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आजाद नगर में डिस्पेंसरी खुलवाने के लिए आबंटित जमीन पर निगम अधिकारियों की कोठियां बनाने का आरोप लगाते हुए क्षेत्र के लोगों ने गुरुवार को धरना शुरू कर दिया। पूर्व मंत्री संपत सिंह भी धरने पर पहुंचे और योजना बदलने पर सरकार व निगम प्रशासन की आलोचना की।क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर निगम ने आजाद नगर में दमकल विभाग के पास खाली एक हजार गज क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारियों की कोठियां बनाने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि यह जगह कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री संपत सिंह ने डिस्पेंसरी खुलवाने के लिए आबंटित की थी, परंतु निगम के अधिकारी अपनी रिहायशी कोठियां बना रहे हैं, जो गलत है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आजाद नगर में लगभग 50 हजार की आबादी में एक ही सरकारी डिस्पेंसरी है और वह भी किराए पर चल रही है। सरकारी आवास के लिए तो निगम के अधिकारियों को और भी काफी जगह मिल जाएगी,लेकिन डिस्पेंसरी के लिए सिर्फ एक ही उपयुक्त जगह थी, उसको भी नगर निगम हथिया रहा है। सबसे पहले अधिकारियों को जनता की सहूलियत को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। 8 और 19 के पार्षदों पर लोगों की भावनाओं की अनदेखी करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दोनों ने हाउस में ये पास करवाए, हाल ही में ठेकेदार ने बताया कि यहां पर नगर निगम के दो बड़े अफसरों की कोठियां बनाई जा रही हैं।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर मंत्री ढांडा ने किया ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

**महिला एवं** बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि लाखोंखेडी सिंबलवाली में बूथ 172 पर किया ध्वजारोहण कार्यकताओं के बलिदान और समर्पण की बदौलत आज भारतीय जनता पार्टी पर जनता-जर्नादन का भरोसा बढा है। गुरुवार को कैथल जिले के गांव खेडी सिंबलवाली में राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने भाजपा के 43वें स्थापना दिवस पर बूथ संख्या 172 पर ध्वजारोहण करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब हमें मिलकर संगठन का विस्तार घर-घर तक करना है, ताकि अंत्योदय की भावना को मजबूत करते हुए जरूरतमंद, वंचित का उत्थान किया जा सके। उन्होंने कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मूल विचारों पर आगे बढ़ते हुए भाजपा नाम का जो पौधा वर्ष 1980 में लगााया गया था, वह पौधा आज लाखों कार्यकताओं के बलिदान और समर्पण की बदौलत वट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 में भाजपा द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, सामाजिक ताने-बाने को सशक्त बनाने की जो प्रक्रिया शुरू की थी, वो आज भी जारी है। भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व तक संगठन ने जो विस्तार प्राप्त किया है, वह देश की जनता की निरंतर उम्मीदों पर खरा उतरने के फलस्वरूप संभव हुआ है।



## मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते विजिलेंस व एंट्री करप्शन ब्यूरो की छापामारी तेज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य करते हुए राज्य चौकसी ब्यूरो तथा हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा सरकार के आदेशों पर फरवरी, 2023 के दौरान 14 सरकारी अधिकारी/ कर्मचारी व छः प्राइवेट व्यक्तियों को 1,000 रुपये से लेकर 1,10,000 रुपये तक की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं। ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्यूरो इसी अवधि के दौरान सरकार के आदेशानुसार 5 जांचें दर्ज की तथा 6 जांचें पूर्ण की, जिनमें से तीन जांचों में 3 राजपत्रित अधिकारियों, 4 अराजपत्रित अधिकारियों तथा 13 प्राइवेट व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का सुझाव दिया है तथा एक जांच में एक राजपत्रित अधिकारी व एक अराजपत्रित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने तथा तीन प्राइवेट व्यक्तियों से 14,46,91,263 रुपये की वसूली करने का सुझाव दिया है। इसके अलावा, ब्यूरो द्वारा दो विशेष चेकिंग/तकनीकी जांच की रिपोर्ट भी सरकार को भेजी।

**8 तीन जांचों में 3 राजपत्रित अधिकारियों, 4 अराजपत्रित अधिकारियों तथा 13 प्राइवेट व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का सुझाव दिया है**

प्रवक्ता ने बताया कि इसी अवधि के दौरान जिन 14 अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके सहयोगियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम,1988 के तहत मामले दर्ज किए गए, उनमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिवानी के प्राधानाचार्य अनिल कुमार यादव को 12,000 रुपये, प्रवाचक उप-पुलिस अधीक्षक, जिला पानीपत के सहायक उप-निरीक्षक सुनील को 1,10,000 रुपये, बिक्री कर निरीक्षक, रेवाड़ी शिव पाल सिंह को 2,000 रुपये, थाना सदर जिला जींद के उप-निरीक्षक नेकी राम को 10,000 रुपये, थाना खेड़ीपुल फरीदाबाद के उप-निरीक्षक राजेन्द्र कुमार को 5,000 रुपये, थाना पुंडरी जिला कैथल के सहायक उप-निरीक्षक सुभाष चन्द्र को 10,000 रुपये, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मार्केट कमेटी करनाल के ऑक्शन रिकॉर्डर रघुबीर को 10,000 रुपये, विकास एवं पंचायत विभाग ग्राम पंचायत बाबा लडाना जिला कैथल के ग्राम सचिव सुनील कुमार को 15,000 रुपये, नीमका जेल फरीदाबाद की महिला वार्डर सुदेश को 10,000 रुपये, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम के पटवारी संजय को 8,000 रुपये, राजस्व विभाग जिला सिरसा के हल्का कांवाली के पटवारी हवा सिंह को 3,000 रुपये, जिला सिरसा हल्का बेगू शाहपुर पटवारी अनिल को 1,800 रुपये व हल्का बड़ागुडा अतिरिक्त कार्यभार बिरूवाला के पटवारी रणबीर सिंह को 1,000 रुपये व शहरी स्थानीय निकाय के एचएफए नगर परिषद नारनौल के सर्वेक्षक अर्जुन व श्रीमती दीपिका को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा जाना शामिल है।



# मेयर ने दी हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं

## शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित शोभा यात्राओं और भंडारों में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**वीरवार को हनुमान** जी जन्मोत्सव के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया और शहरवासियों को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने ओल्ड महावीर कालोनी में सिद्धपीठ श्री लक्ष्मीनारायण बालाजी मंदिर में 33 वें हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुँचकर बालाजी का आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान कचहरी परिसर गोहाना रोड के प्राचीन बालाजी मंदिर, सिद्धार्थ एनक्लेव, बहालगढ़ रोड पर बालाजी मंदिर,चिंतपूर्णी



मंदिर सेक्टर 14, पहुँचे और मंदिर में चल रहे सुंदर कांड पाठ में भाग लिया और सभी भक्तों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान दिल्ली रोड पर सिद्धपीठ चिन्ताहरण हनुमान मंदिर में पहुँचे जहाँ उन्होंने हनुमान प्राकट्य उत्सव में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया और श्री सिद्धपीठ चिन्ताहरण महावीर दल द्वारा निकाली जा रही हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा को शुरू करवाया। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने शिव अवतार महावीर दल द्वारा कोट

**8 रामभक्त हनुमान जी है चिरंजीवी, अपने भक्तों की करते है सारी मनोकामनाएं पूर्ण : निखिल मदान**

मोहल्ला काली मंदिर,श्री बाल हनुमान सेवा समिति 4 मरला,शांति नगर, और श्री सनातन धर्म सभा दुर्गा मंदिर, मोहल्ला कलां, श्री राम एवं शीतला माता मंदिर कमेटी देवरू धाम सोनीपत द्वारा आयोजित शोभा यात्राओं में भाग लेकर लोगों को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान हनुमानजी चिरंजीवी है औ? उनकी केवल भक्ति मात्र से लोगों के बड़े बड़े संकट और दुःख दूर हो जाते है। इसलिए हनुमानजी को संकटमोचक और कष्टभंजन भी कहा गया है।बालाजी महाराज की महिमा अपरम्पार है। भगवान श्री राम के लिए उनकी भक्ति अतुलनीय और अनुकरणीय है। इसके अतिरिक्त मेयर निखिल मदान ने बैयापुर खुर्द, हनुमान नगर, गाँधी चौक पर चल रहे भंडारों में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।
इस अवसर पर पार्षद नीतू दहिया,राजेश दहिया, सुरेश भारद्वाज, पूर्व पार्षद अशोक अरोड़ा, के सी बत्रा,कुलदीप वत्स,राम सिंह त्यागी,रेखा गर्ग,विशाल शर्मा, विजय टुली, बी आर आहूजा, राजकरण शर्मा,चरणजीत सहगल,मेहर चंद माणिक,यशपाल डूडेजा,शुभम शर्मा, वेदांश बजाज आदि लोग मौजूद रहे।

# 43 वर्षों की भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी: जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**भारतीय जनता** पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सोनीपत विधान सभा के बूथ न0. 55 पर पार्टी का ध्वज अपने घर पर लगाया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को पन्ना प्रमुखों के साथ सुना और संकल्प लिया कि 2024 में विपक्ष कितने भी प्रयास कर लें परन्तु पन्ना प्रमुख भाजपा को जिताकर ही दम लेंगे।
कविता जैन ने कहा कि 43 वर्षों की भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है जबकि दूसरे दल व्यक्तिवाद की राजनीति करके अपने परिवारों का पोषण करने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल के पास पन्ना प्रमुख का कोई तोड़ नहीं है।
राजीव जैन ने कहा कि आज हम हनुमान जन्मोत्सव भी मना रहे हैं और उन्हीं से प्रेरणा लेकर भाजपा कार्यकर्ता बल एवं बुद्धि के दम पर दो सांसदों वाली पार्टी को इस मुकाम तक लेकर आये हैं उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत न होने के कारण भारतीय जनता पार्टी के साथ गठित दल लुप्त हो चुके हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि राजनीति के मायने बदलते हुए हर पन्ना प्रमुख अपने पन्ने के परिवारों का सदस्य बन कर रहे।
इस अवसर पर रामचंद्र, पीयूष बंसल, विकास गौड़, शिव कुमार कालिया, पंकज जैन, दिव्यांक जैन, चन्द्र भान, अजय, दीनबंधु रावल, गोविंद प्रकाश, यशपाल, कलीराम, रमेश कुच्छल, संजीव, राजबीर, हार्दिक गोयल, ओमकार, ब्रिजमोहन, श्यामसुंदर सचदेवा, सुरेश कुमार, राजीव, जगदीश गर्ग, महेश गोस्वामी, सत्यप्रकाश, प्रमोद कुमार, सतीश हसीजा, सुरेन्द्र गोयल, विनोद वर्मा, पवन कुमार गुप्ता, संजय जैन, कुलदीप पांचाल, नवल शर्मा, पुरुषोतम शर्मा, राजेश जैन, रमेश सैनी, अशोक ग्रोवर, पवन, सुनील हंस, किशनचंद आदि-2 पन्ना प्रमुखों ने अपने-2 घरों पर भाजपा का झण्डा लगाया।

## न्यूज फ्लैश

### लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की होनहार लॉन टेनिस खिलाड़ी तमन्ना टकोरिया ने जीता स्वर्ण

**सोनीपत:** 28 मार्च 2023 से 2 अप्रैल 2023 तक दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया अंडर-18 लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी तमन्ना टकोरिया ने इस प्रतियोगिता के एकल वर्ग के फाइनल मैच में दिल्ली की रिदिमा को 6-1, 6-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। तमन्ना टकोरिया राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ऑल इंडिया रैंकिंग (अ.क.फ.) में 16वें स्थान पर है।



विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने तमन्ना टकोरिया को बधाई दी और उसे भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

### हनुमान भक्ति एवं शक्ति के प्रतीक हैं: राजीव जैन

**सोनीपत: मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन भक्त निर्मल मन से श्रीराम भक्त हनुमान को हृदय में धारण कर असीम ऊर्जा का अनुभव करते हैं, इसलिए हनुमान भक्ति एवं शक्ति के प्रतीक हैं। राजीव जैन ने जन्मोत्सव पर शहर में आयोजित दो दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में शामिल होते हुए कहा कि पवन पुत्र हनुमान के रूप में भगवान शिव ने ग्यारहवें अवतार धारण करके भगवान श्रीराम के साथ मिलकर पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त किया। मोहल्ला कलां, बालाजी धाम



बहालगढ़, हनुमान मंदिर चार मरला, मोहल्लां कोट, पंचायती ठाकुरद्वारा, हनुमान मंदिर कोर्ट, पांच मंजिला हनुमान मंदिर, कृष्ण मंदिर सुदामा नगर, हनुमान नगर कामी रोड, सिद्धार्थ कालोनी, चावला कालोनी, ऊँ शिव सेवा समिति समेत अनेक स्थानों पर शोभा यात्राओं एवं भण्डारों का शुभारम्भ करते हुए राजीव जैन ने कहा कि हनुमान जैसा निस्वार्थ भक्ति भाव ही हमें परमात्मा की शरण में ले जा सकता है। राजीव जैन ने कहा कि बजरंगबली हनुमान युवाओं के आदर्श के रूप में जाने जाते हैं वजह है उनका रियल सुपरमैन होना, पावरफुल होने के बावजूद भी ईश्वर के प्रति समर्पित, भक्तों की तुरंत सहायता करना और आज भी सशरीर विद्यमान होना। उन्होंने कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए बल और बुद्धि दोनों का उपयोग आवश्यक है और यही हनुमान ने अपने कृतित्व से हमें सिखाया इसलिए हनुमान की पूजा कर उनके कार्यों को आत्मसात करें और उन्हें जीवन में उतारने का प्रयास करें तभी हमारा जन्मोत्सव मनाना सार्थक होगा।

### वाधवानी एआई ने हरियाणा के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी चिकित्सा हेतु एआई सोल्यूशन किया लागू

**रोहतक।** वाधवानी इंस्टीट्यूट फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (वाधवानी एआई) ने आज एक एआई सॉल्यूशन लागू करने की घोषणा की, जो हरियाणा की सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में टीबी के रोगियों में फॉलो-अप के अभाव और मृत्यु दर के जोखिम का अनुमान लगाएगा। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के कर्मचारी उपचार के छह से बारह माह के दौरान एआई पूवार्नुमानित उच्च जोखिम वाले रोगियों की विशेष देखभाल करेंगे। वाधवानी एआई द्वारा यूएसएआईडी -समर्थित यह ट्रेस-टीबी प्रोजेक्ट कॉम्प्रेहैन्सिव लॉस टू फॉलो-अप एंड मोर्टेलिटी प्रेडिक्शन के तहत यह एआई सोल्यूशन विकसित किया गया था। इसका उपयोग पूरे हरियाणा में एनटीईपी स्टाफ द्वारा किया जाएगा। इस अध्ययन की शुरूआत से पहले, वाधवानी एआई ने गुरुग्राम, भिवानी, अम्बाला और रोहतक जिलों में एनटीईपी कर्मचारियों के लिए ट्रेनिंग सेशंस आयोजित किए। जिला टीबी अधिकारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक और टीबी हैल्थ विजिटर अगले 15 से 18 माह में लगभग 12,000 हाई - रिस्क रोगियों के लिए लक्षित टीबी उपचार का अनुमान लगाना और इलाज शुरू करने के लिए इस एआई सोल्यूशन का उपयोग करेंगे। डॉ. राजेश राजू, स्टेट टीबी ऑफिसर, एनटीईपी, हरियाणा, कहते हैं, "मैं एआई आधारित एलएफयू/मृत्यु की अनुमान लगाने की अध्ययन को लेकर उत्साहित हूं क्योंकि इसमें टीबी प्रबंधन की एप्रोच को बदलने की क्षमता है। अनुमान लगाने वाले विश्लेषण का उपयोग करके हम हाई-रिस्क वाले रोगियों की पहचान कर सकते हैं।

# सुख शांति एवं भाईचारे के लिए जिला कारागार में किया गया भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पूर्णिमा** के अवसर पर सुख शांति एवं भाईचारे की मंगल कामना के लिए जिला कारागार में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह व समाज सेवी मनिंदर सन्नी ने शिरकत करते हुए भंडारे का शुभारंभ किया और भगवान से समाज की शांति व भाईचारे की कामना की। जेल अधीक्षक ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन पर सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से लोगों में धार्मिक



भावना बढ़ती है। इस दौरान हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने आहुति डालते हुए समाज के लिए शांति की प्रार्थना की।
जेल अधीक्षक ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से एक तरफ जहां भाईचारा बढ़ता है, वही मन को भी काफी सुकून मिलता है। ऐसे में हम सभी को आगे आकर धार्मिक आयोजनों में बढ़ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। हम सभी को मिलकर आपसी भाईचारे को कायम रखते हुए एकता और सौहार्द का संदेश देना चाहिए। इस दौरान समाज सेवी मनिंदर सन्नी ने कहा कि हमारे देश में भण्डारा बहुत ही पुरानी परंपरा का प्रतीक है। हमारे पूर्वज भी समाज की शांति के लिए समय-समय पर इस प्रकार के भंडारों का आयोजन करते रहते थे और भण्डारों में दान देकर पुण्य कमाते थे। उन्होंने कहा कि भण्डारे का आयोजन करना बहुत ही पुण्य का कार्य है।

# बहला-फुसलाकर लाई नाबालिग लडकी को बरामद कर वापस भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/**
**पश्चिम बंगाल** से बहला-फुसलाकर लाई नाबालिग लडकी को सोनीपत की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने खोज निकालने में सफलता हासिल की है। यूनिट ने लडकी के परिजनों व बंगाल पुलिस को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया।
एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि करीब दो माह पूर्व सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से एक युवक 17 वर्षीय मोनिका (परिवर्तित नाम) को बहकाकर सोनीपत ले आया। इस संदर्भ में बंगाल के जलपाईगुड़ी पुलिस थाना में धारा-365 आईपीसी का



मुकद्दमा दर्ज किया गया था। इस मामले की सूचना बंगाल की ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तथा यमुनानगर ट्रैफिकिंग यूनिट से सोनीपत की ट्रैफिकिंग यूनिट को सूचना मिली। इस पर राज्य अपराध शाखा के पुलिस महानिदेक ओपी सिंह के दिशा-निर्देशन में गुमशुदा लडकी को ढूंढने के प्रयास किये गये।

# कुंडली में हनुमान जन्मोत्सव की भव्य यात्रा निकाली गई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हनुमान** जन्मोस्त्व के अवसर पर कुंडली मे भव्य यात्रा निकाली गई ,धूमधाम जे सभी भक्त नाचते गाते सभी मंदिरों में पहुचे,चारो तरफ हनुमान लला के भगवे ध्वज लहरा रहे थे।दीपक चौहानं हरियाणा प्रदेश महामंत्री करनी सेना,चैयरमेन शिमला देवी,पार्षद निरंजन,अतिथि के तौर पर पहुचे। सनातन समिति ने सुशान्त सिंह वे नितिन के नेतृत्व में रैली का आयोजन हुआ। जिसमे भारी सँख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा,दीपक चौहानं ने कहा के देश मे कुछ अराजक तत्व रामनवमी



वे हनुमान जन्मोस्त्व का महूल खराब कर रहे है,बंगाल व बिहार में रामनवमी के जुलूस पर हमला होना दुर्भाग्य की बात है। ममता बनर्जी जैसे नेता धर्मिक सौहार्द बिगड़ कर अपनी राजनीति रोटी सेकना चाहते है,जिसे किसी भी हालत में बर्दास्त नही किया जाएगा। हिन्दू सदैव ही अनुशासित व संस्कारी रहा है। देश मे लगातार ऐसे नेता रोहिंग्या और बांगला देशियो की घुसपैठ करा कर देश का माहूल बिगाड़ रहे हैं।

# जिले में गुरूवार को मिले कोरोना से संक्रमित 03 पोजिटिव केस: उपायुक्त

**सोनीपतः उपायुक्त ललित** सिवाच ने बताया कि गुरूवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 03 नया पोजिटिव केस मिले हैं और 04 मरीज को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 59939 हो गया है।
उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 648 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है।

# रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिय/सोनीपत/**
**श्री राम भगत** महावीर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्राचीन शिव मंदिर गांव सिसाना में रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन सामान्य अस्पताल सोनीपत ब्लड बैंक की टीम द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी से सेवानिवृत्त जिला प्रशिक्षण अधिकारी गोल्ड मेडलिस्ट धर्मवीर दहिया की देखरेख में व शतकवीर रक्तदाता, ब्रॉन्ज मेडल रक्तदाता, कमिश्नर व राज्यपाल से सम्मानित दिल्ली पुलिस कमांडो हवलदार आशीष दहिया के नेतृत्व में किया गया। इस



रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में प्रसिद्ध समाजसेवी हर्ष छिकारा, धम्मल फौजी पीपली, किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़, किसान नेत्री गीता अहलावत, प्रमिला मकड़ोली, दिल्ली पुलिस थानेदार विजेंद्र आंतिल असवारपुर, सामाजिक कार्यकर्ता पारुल दहिया, बिजेंद्र दहिया उर्फ. ढीलू प्रधान, जयपाल प्रधान, गौशाला प्रधान एसीपी महावीर दहिया, क्रांतिकारी शहीद नीतिश दहिया के पिताजी राजबीर सिंह, सहित अनेकों समाजसेवियों ने शिरकत की इस कार्यक्रम के दौरान तीन महिला रक्त दाताओं सहित कुल 101 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने इष्ट देव महावीर हनुमान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश कुमार, डॉ संजीत दहिया, जितेंद्र, नीटू फोजी, मोनू पण्डित, विकास, नीरज रोहट, अजय, श्याम चरण पादुका सेवा मण्डल रोहद धाम इत्यादि उपस्थित रहे।

# विधायक ने गांवों का दौरा करते हुए फसल खराबे का लिया जायजा

## किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं, सरकार खडी है किसानों के साथ-विधायक बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला में** बेमौसमी बारिश से फसलों को पहुंचे नुकसान का जायजा लेने के लिए विधायक मोहनलाल बड़ौली ने राई क्षेत्र के विभिन्न गांवों को दौरा किया और किसानों को आश्वासन दिया कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है इस दुख की घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी जिलों के उपायुक्त को आदेश दिए गए है कि वे अपने-अपने जिला में बारिश से प्रभावित प्रत्येक खेत की विशेष गिरदावरी करें और इसकी रिपोर्ट चण्डीगढ मुख्यालय भेजे ताकि किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला में राजस्व विभाग के सभी अधिकारी फील्ड में उतरकर प्रत्येक प्रभावित खेत की विशेष गिरदावरी करने के कार्य को तेजी के साथ कर रहे हैं ताकि फसल खराबे की रिपोर्ट को जल्द चण्डीगढ भेजा जा सके। विधायक बड़ौली ने कहा कि किसानों की सुविधा को देखते हुए सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को पुनः खुलवाया गया है। ऐसे में वे किसान जो किन्ही कारणों से पूर्व में पंजीकरण नही करा पाए थे। वे अब पंजीकरण कराने उपरांत क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की सूचना दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी किसान को पोर्टल पर कोई असुविधा हो रही है तो वे अपने नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर भी अपना पंजीकरण व फसलों के नुकसान की सूचना दे सकते हैं।
दौरे के दौरान लोगों ने उन्हें शिकायत दी की कई गांवों में बिजली व पीने के पानी की समस्या बढती जा रही है, जिसपर तुरंत कार्यवाही करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात की और लोगों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस समस्या का निवारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता है कि लोगों की सभी मूलभुत सुविधाओं को पूरा किया जाए।

# 'हनुमान जी का जीवन बल, बुद्धि और विद्या के समन्वय का है अनुपम उदाहरण'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में बृहस्पतिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने हनुमान जी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रार्थना की कि भगवान सभी की जिंदगी को खुशहाल बनाए। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हनुमान जी का जीवन बल, बुद्धि और विद्या के समन्वय का अनुपम उदाहरण है। उनका चरित्र एक जीवन दर्शन है, जिसका चिंतन, मनन व श्रवण करने से लोक-परलोक सुधर जाता है। रामदूत



हनुमान जी को शिव का ग्यारहवां रुद्रावतार माना गया है और उनकी उपासना जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कुंजी है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कोलाज बनाकर हनुमान जी के प्रति अपनी भावनाएं प्रकट की । नौनिहालों ने बजरंग बली के जयकारे लगाए। छोटे-छोटे बच्चे राम भक्त हनुमान के रंग में रंगे नजर आए।
इस मौके पर सुधीर जैन ने कहा कि भगवान श्रीराम के कार्य सिद्ध करने वाले हनुमान जी साक्षात रुद्रावतार और संकट मोचन हैं। केसरी नंदन हनुमान जी अतुलित बल के प्रतीक हैं। उनका बल दूसरों के कार्यों को सिद्ध करने और दुखों को दूर करने में खर्च होता है। यदि सच्चे मन से महाबली पवन पुत्र की आराधना की जाए तो वह अपने भक्त का हर मनोरथ पूर्ण कर देते हैं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि हनुमान जी को मारुति नंदन, बजरंगबली आदि के नाम से भी जाना जाता है । वह महावीर भी हैं और हर युग में अपने भक्तों की समस्याओं का समाधान करते है । माना जाता है कि हनुमान जी एक ऐसे देवता है जो थोड़ी-सी प्रार्थना और पूजा से ही शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। मंगलवार और शनिवार हनुमान जी के पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ दिन हैं। प्राचार्या रिचा चावला जी ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव हिंदुओं का महत्वपूर्ण पर्व है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

# बिना पूर्व अनुमति के सार्वजनिक जुलूस निकालने पर रोक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पुलिस** आयुक्त बी० सतीश बालन ने जिला में पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकृति के सार्वजनिक जुलूस निकालने पर रोक लगाते हुए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि जिला में अगर कोई धार्मिक, सामाजिक या अन्य कोई संगठन तथा व्यक्ति अगर सार्वजनिक जुलूस निकालना चाहता है तो उसे पुलिस से पूर्व लिखित में अनुमति लेनी होगी।
पुलिस आयुक्त ने अपने आदेशों में कहा कि मुझे यह प्रतीत हुआ है कि सार्वजनिक सडकों पर अनियमित और अनियोजित जुलूस कई बार यातायात के सुचारू प्रवाह में बाधा के रूप में बड़ी सार्वजनिक असुविधा पैदा करते हैं। इसके अलावा, इन जुलूसों में विभिन्न असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने का प्रयास किए जाने की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिनियम, 1861 की धारा 31 के अनुसार यह पुलिस का कर्तव्य होगा कि वह सभाओं और जुलूसों के दौरान सार्वजनिक सडकों, चौराहों, घाटों और लैंडिंग स्थानों पर और सार्वजनिक रिसॉर्ट के अन्य सभी स्थानों पर उचित व्यवस्था बनाए रखे ताकि आम लोगों को किसी भी प्रकार के परेशानी न आए।

